अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 17 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल तृतीया/चतुर्थी
विक्रम संवत-2083

**PAGE NO : 11 TOP**

# गुड लाइफ हॉस्पिटल की आठवीं वर्षगांठ पर हेल्थ उत्सव आज से



बरेली (वि)। एसआरएमएस गुड लाइफ हॉस्पिटल आठवीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर 17 और 18 जुलाई को दो दिवसीय हेल्थ उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अस्पताल ने अगले माह अगस्त में कैथ लैब स्थापित करने और जल्द ही रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। हेल्थ उत्सव में मरीजों को निशुल्क परामर्श और कई जांचें मिलेंगी। एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन पर 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। अन्य जांचों और हेल्थ पैकेज पर 20 फीसदी की छूट मिलेगी। यह जानकारी अस्पताल की निदेशक ऋचा मूर्ति ने दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल की स्थापना एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति ने वर्ष 2018 में की थी। आठ वर्षों में 3.5 लाख से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंचे हैं। 30 हजार से अधिक मरीजों ने भर्ती होकर इलाज करवाया है। उत्सव में हृदय रोग, गुर्दा एवं मूत्र रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, मेडिसिन और मानसिक रोग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ कंसल्टेंट निशुल्क परामर्श देंगे।